


# रंग-गुलाल से सजा बाजार, हर्बल और ऑर्गेनिक रंगों की बिक्री अधिक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राजधानी में होली की खरीदारी शुरु हो गई है। बाजार में रंग की दुकानों पर भीड़ है, जहां बच्चे और युवा रंग, पिचकारी और मुखौटे खरीद रहे हैं। होली का पर्व इस वर्ष 14 मार्च और 15 मार्च दोनों तारीखों को मनाया जायेगा। लोगों ने बताया इस वर्ष होली दो दिन है इसमें लोग काफी भ्रम में हैं की किस तारीख को होली खेली जाएगी। कई जगहों पर 14 मार्च को तो कई जगहों पर 15 मार्च को होली का पर्व मनाएंगे लोग। वैसे तो राजधानी अपनी अलग अलग खूबियों के लिए जानी जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा दुसरे जिलों से भी लोग खरीदारी करने रांची पहुंचते हैं। रंगों की खरीद के लिए राजधानी में कई जगहों पर बाजार सजाये जाते हैं। यहां के मेन रोड स्थित अप्पर बाजार की गलियों में लोग रंगों और गुलालों की खरीदारी करने पहुंचते हैं। ऐसे में यहां होली से पहले ही रंगों की दुकानें सज चुकी है।

## पिछले वर्ष की तुलना में घटी बिक्री, पार्किंग ना होने के कारण नहीं जाते हैं लोग




अप्पर बाजार के गुलाल विक्रेताओं ने बताया की इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में बिक्री कम है। आने वाले दो दिन तय करेंगे इस बार का बाजार कैसा होगा। होली सामग्री विक्रेता माला गुप्ता ने कहा- आम लोग बेहतर रंग तलाशते हुए पुरानी दुकानों में खरीदारी करने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा पीछे 10 से 12 सालों से रंग गुलाल का कारोबार कर रहे हैं। वक्त के साथ रंगों की पसंद भी बदलती रहती है। बाकी वर्षों की तुलना में इस वर्ष भगवा और लाल रंग की मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा हर्बल की गुलाल लोगों को भांति है। क्योंकि इसमें केमिकल की मात्रा ना के बराबर होती है और आसानी से छूट जाती है। त्वचा में भी किसी तरह की कोई इन्फेक्शन या बीमारी नहीं होती है। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ और दिल्ली से रंग गुलाल आता है।
गुलाल विक्रेता कूणाल ने कहा- लगभग पिछले 20 वर्षों से गुलाल और रंग बेच रहे हैं। आम लोगों का भरोसा पुराने दुकानों पर अधिक होता है इसलिए लोग रंग और गुलाल हमारी दुकानों से खरीदना पसंद करते है। वहीं, गुलाल हर्बल की होती है इसमें केमिकल ना के बराबर होता है इस वजह से भी खरीदार हर्बल गुलाल खरीदते हैं। हालांकि उन्होंने कहा- इस बार बिक्री में कमी आई है क्योंकि इस बार अतिक्रमण हटाया गया और बड़ी गाड़ियों की एंट्री अप्पर बाजार की तरफ नहीं हो पाती है। पार्किंग की व्यवस्था ना होने के कारण लोग आते भी नहीं है इसलिए बाकी वर्षों की तुलना में इस वर्ष बिक्जरी काफी कम हुई है। वहीं अन्य दुकानदारों ने कहा इस बार बाजार में होली के कई तरह के अलग अलग गुलाल और रंगों के साथ साथ बच्चों के लिए पिचकारियां भी आई है। गन पिचकारी, मोबाइल पिचकारी, और भी कई तरह के, उन्होंने कहा कई तरह के विग और मुखौटे भी बाजार में हैं जो आमतौर पर बच्चे तो खरीदते ही है लेकिन युवाओं में भी इसका रुझान है। युवा रंग उत्सव या या होली पार्टियों के लिए भिन्न भिन्न प्रकार के विग और मौखौटे खरीदते हैं।

### लाल और भगवा रंग की मांग बढ़ी

वहीं दुकानदारों ने बताया गुलाबी, लाल और भगवा रंग की मांग अभी से बाजारों में हैं। इसके साथ ही यहां आने वाले लोग हर्बल और ऑर्गेनिक रंग के साथ गुलाल की भी काफी मांग कर रहे हैं। वहीं बाजार में थोक रंग व्यापारियों का कहना है कि इस बार इस बात का विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि रंगों के लगाने से लोगों की स्किन पर किसी भी तरह का कोई दुष्प्रभाव न पड़े, जिसके चलते ज्यादातर हर्बल रंग और गुलाल मांगे जा रहे हैं।

### ऑर्गेनिक रंग बच्चों के लिए बेहतर

रंग गुलाल कि खरीदारी कर रहे खरीदारों ने कहा- बच्चों के लिए ऑर्गेनिक रंग गुलाल बेहतर होते हैं। खरीदार कांके निवासी संतोष ने कहा बच्चों के लिए बाजार में कई तरह की चीजें है जैसे मुखौटे और भिन्न भिन्न प्रकार की पिचकारियां हैं। वहीं, उन्होंने कहा- पुरानी दुकानों से ही खरीदारी करते हैं। हालांकि राजधानी में कई जगहों पर दुकाने सजी जाती है लेकिन जिन दुकानों से वर्षों से खरीददारी करते आयें है वहीं से खरीदना पसंद करते हैं।

## आज / कल




## उत्तराखंड भ्रातृ संघ ने मनाया महिला दिवस



**रांची।** सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था उत्तराखंड भ्रातृ संघ ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस मौके पर महिला दिवस के महत्व तथा समाज व परिवार के प्रति महिलाओं के योगदान की चर्चा की गई। महिलाओं ने अपने विचार रखे। सभी को उपहार दिए गए। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जिसमें पुरुषों ने भी हिस्सा लिया।



# सेल इकाइयों की महिलाओं ने स्वास्थ्य को ले दिखाई एकजुटता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रांची स्थित इकाइयों की महिलाओं ने सेल सैटेलाइट कॉलोनी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक जुंबा और योग कार्यक्रम आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस्पात बिरादरी की महिलाओं द्वारा मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को दिए जाने वाले महत्व को उजागर करना था। इसके अलावा, इसने सेल परिवार के कर्मचारियों और उनके जीवनसाथियों के बीच सौहार्द और टीम भावना को प्रदर्शित करने में भी प्रमुख भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कविता गुप्ता थीं। कार्यपालक निदेशकों और वरिष्ठ अधिकारियों के अर्धांगिनियों की उपस्थिति ने सेल की अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच कार्य-जीवन संतुलन और सर्वांगींन कल्याण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।
यह पहल एक सहायक और समावेशी कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सेल के समर्पण का प्रमाण है और यह महिलाओं द्वारा स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता भी है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देकर, सेल का लक्ष्य अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीने के लिए सशक्त बनाना है। यह कार्यक्रम सेल-सीईटी द्वारा आयोजित किया गया था।

# श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ महाप्रसाद का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 197 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद के योजन में 101 किलोग्राम की केसरिया मेवा युक्त खीर का भोग भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान से पूजा- अर्चना एवं आरती की गई। आज का महाप्रसाद जमशेदपुर निवासी स्मृतिशेष श्याम सुंदर गोयल की पुण्य स्मृति में उनकी धर्म पत्नी रेणु गोयल उनके पुत्र रोहित गोयल व पुत्रवधू रितु गोयल एव समस्त गोयल के सौजन्य से किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 1500 सौ से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भोग का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी,विभोर डाला, निर्मल जालान, सज्जन पाडिया एव पूरणमल सर्राफ ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा पूरा वातावरण को कृष्णमय एवं भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि सुबह से लगभग 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, विशाल जालान , सुरेश भगत, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, नंदकिशोर चौधरी, पवन पोद्दार,शिव भगवान अग्रवाल, विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान, महेश वर्मा मनोज कुमार पंडित, चन्द्रदीप साहु, हरीश कुमार, परमेश्वर साहु, धीरज कुमार गुप्ता, अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### साहित्य संस्कृति मंच का होली मिलन समारोह



**रांची।** झारखंड हिंदी साहित्य संस्कृति मंच के तत्वाधान में वसंतोत्सव सह होली मिलन महोत्सव का आयोजन संरक्षक विनय सरावगी उपस्थिती में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व डीआईजी रंजन सिंह अध्यक्षता मंच उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने की। काव्यपाठ ममता मनीष सिन्हा, कुमार विजेंद्र, प्रतिभा मिश्र, अनुपम श्री, सुरेंद्र कौर नीलम, रीना गुप्ता, सीमा कुमार, राज रामगढी, खुशबू बरनवाल, कामेश्वर सिंह कामेश, सुनीता अग्रवाल, नरेश बांका, पूनम वर्मा, निराला पाठक, सुनीता कुमारी विनोद सिंह गहरवार, निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव विनोद सिंह गहरवार, हिमकर श्याम विश्वकर्मा बादल ने किया। संचालन सचिव विनोद सिंह गहरवार और धन्यवाद ज्ञापन मंच कोषाध्यक्ष विश्वकर्मा बादल द्वारा किया गया।

### साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित हुए सदानंद




**रांची।** कवि एवं लोक गायक सदानंद सिंह यादव को झारखंड प्रदेश अंगिका समाज ने अंगिका साहित्य भूषण सेवा सम्मान से सम्मानित किया। होली मिलन सह सम्मान समारोह में शॉल, स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र के साथ उन्हें विलुप्तप्राय लोक गीतों गीतों के साथ ही स्वरचित गीतों को स्वरबद्ध कर गाने और अनेक मंचों पर काव्य पाठ के लिए यह सम्मान दिया गया। पूर्व में भी उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं। कई संस्थानों के लिए लेखन तथा देश के प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में इनके आलेख प्रकाशित होते रहे हैं। कई साहित्यकारों ने बधाई देते हुए कहा कि प्रसन्नता व्यक्त की है।

### डॉ रजनी शर्मा वूमेन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित




**रांची।** डॉ रजनी शर्मा को गुरु फाउंडेशन, रोहतक की ओर से वूमेन एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित गया है। साहित्य के क्षेत्र में विशेष रूप से सक्रिय रह कर साहित्य सेवा करने के लिए साहित्योदय अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला एवं संस्कृति न्यास मंच द्वारा महिला साहित्योदय शक्ति समृद्धि सम्मान भी प्रदान किया गया। होम्योपैथी बायोकेमिक चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष कार्य करने के लिए एडवेन नेचुरल्स कंपनी की ओर से भी सम्मानित किया गया। लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### एक्वा वर्ल्ड में 'बलम पिचकारी' की धुन में झूमे रांची के युवा




**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में होली थीम पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम बलम पिचकारी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में रांची के युवाओं और परिवार वालों ने इसमें भाग लिया। रविवार का दिन उनका मस्ती और उमंग के नाम रहा। डीजे उदय ने अपने होली की थीम के गानों, नए,रीमिक्स और डांस नंबरों पर लोगों को झूमा कर रखा।इस अवसर पर इको फ्रेंडली रंगों की भी व्यवस्था की गई थी। पूरा एक्वा वर्ल्ड परिसर रंग,अबीर और गुलाल से भर गया था।लोगों की मस्ती के लिए रंगीन पानी से भरा एक 'कलर पूल' भी तैयार रखा गया था।लोगों ने न सिर्फ इसमें खुद डुबकी लगाई, बल्कि पकड़ - पकड़ कर अपने मित्रों को भी इसमें डुबाया।इस अवसर पर ठंडई पीने और दही बड़ा खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन भी किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। पूरे कार्यक्रम में लोगों ने जमकर मस्ती की।कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाह देव, को चेयरपर्सन डॉक्टर विद्या झा,निदेशक लोकेश चौधरी, कार्यक्रम संयोजक सौरव,आनंद, प्रद्युम,साहिल,अंजलि, आदि का योगदान रहा।

### भारतीय टीम की जीत के लिए रांची के पहाड़ी मंदिर में हवन-यज्ञ

**रांची।** चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए रविवार को रांची के पहाड़ी मंदिर में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से हवन और महायज्ञ किया गया। समिति के अध्यक्ष राजेश साहू और प्रवक्ता बादल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी और मंदिर के पुजारियों ने हवन-पूजन कर भारत की विजय की कामना की। महायज्ञ के दौरान पहाड़ी बाबा से प्रार्थना की गई कि भारतीय टीम फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करे।राजेश साहू ने कहा कि भारत की जीत पूरे विश्व में देश का मान बढ़ाएगी। वहीं, प्रवक्ता बादल सिंह ने विश्वास जताया कि करोड़ों देशवासियों की दुआ भारतीय टीम के साथ है और पहाड़ी बाबा का आशीर्वाद खिलाड़ियों को प्राप्त होगा।इस हवन में मुख्य रूप से पुजारी मनोज बाबा, चिक्कू बाबा, राम सिंह, मेहुल प्रसाद, स्वपना चटर्जी, सुनील गुप्ता और शशिकांत मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# निरंतर 41 घंटों तक रजत सिंहासन पर भक्तों को दर्शन देंगे बाबा श्याम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● बड़ी एकादशी आज बाबा श्याम के किए जाएंगे दो शृंगार

राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो फागुन महोत्सव का शुभारंभ निशान शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। बाबा की बड़ी एकादशी सोमवार (10 मार्च) को दिन में 10:00 बजे बाबा की अखंड ज्योति मंडल के उपमंत्री आदित्य लोहिया, स्वीटी लोहिया, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया अपने परिवार के साथ प्रज्जवलित करेंगे। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि सोमवार को बाबा की बड़ी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम के दो शृंगार किए जाएंगे। पहला प्रातः में एवं दूसरा संध्या में किए जाएंगे। प्रातः कालीन श्रृंगार में इंपोर्टेड फूलों का श्रृंगार एवं रात्रि कालीन श्रृंगार में मेवा शृंगार किया जाएगा। प्रातः कालीन ज्योत 10:00 बजे प्रज्वलित की जाएगी, जो कि निरंतर 11 मार्च देर रात्रि तक जलती रहेगी। अखंड ज्योति के साथ ही भक्त अपने आराध्य के आगे हाजिरी लगाएंगे। बाबा श्याम को मेवा सवामणि भोग, 56 भोग, पूर्ण सवामणि भोग, महाभोग, फल सवामणि भोग निरंतर चढ़ाए जाएंगे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर को बड़े ही भव्य रूप से सजाया जा रहा है। लगातार एक महीने से कोलकाता एवं बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों के कारीगर अभिषेक जालान के दिशा निर्देश में रात और दिन मंदिर को सजाने में लगे हुए हैं। विद्युत की सजा से जगमग-जगमग करता बाबा श्याम का द्वार सबका मन मोह रहा है। कल बाबा की बड़ी एकादशी के अवसर पर प्रथम चरण के कार्यक्रम में सुबह मंदिर के पट 5:00 बजे खोल दिए जाएंगे, जो कि निरंतर द्वादशी के दिन 11 मार्च को देर रात्रि तक खुले रहेंगे। मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें कोलकाता के कृष्ण कुमार भक्तों को भजनों की गंगा में सराबोर करेंगे। धनबाद के सागर और टीम अपने साजबाज से बाबा को रिझाएंगे। सर्वप्रथम मंडल के सदस्य प्रथम भजनों से अपनी हाजिरी लगाएंगे। तत्पश्चात कोलकाता के प्रख्यात गायक किशन कुमार दरबार में हाजिरी लगाएंगे।

## माहेश्वरी धर्मशाला में विधि विधान से हुआ निशान पूजन

# रांची में धूमधाम से निकली श्री श्याम प्रभु की निशान शोभायात्रा

● श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ में आज रात्रि 9:00 बजे से होगा मुख्य कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मंडल, रांची का तीन दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन सतरंगी महोत्सव रविवार (9 मार्च) को विराट निशान शोभायात्रा के साथ अत्यंत धूमधाम से प्रारंभ हुआ। माहेश्वरी धर्मशाला में विधि विधान से निशान पूजन के बाद आरती की गई। श्री श्याम प्रभु के गगन भेदी जयकारों के बीच 750 भक्त अत्यंत श्रद्धा के साथ अपने-अपने कंधे पर श्री श्याम निशान लेकर झूमते-नाचते श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित करने निकल पड़े। निशान धारियों के अलावा बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ भी शोभायात्रा के साथ चल रही थी।
दिव्य रथ पर विराजमान हो श्री श्याम प्रभु नगरवासियों को आशीष प्रदान कर रहे थे। श्री श्याम मंडल की दो टोलियां संगीतमय भजन 'डोरी खींच राखिजो यो है बाबा को निशान', 'श्याम रंगीला पलका उघाड़ों फाल्गुन आ गयो', 'लेकर चलो श्याम के पावन निशान को, मस्ती में तुम भी चलो धाम को', 'फागण आया होली आई, ढोल बजे रे मृदंग, श्याम धणी से होली खेलन, आए मस्त मलंग', 'हर फागण में श्याम धणी, हम पहुंचे खाटू धाम हो, हाथों में निशान हो, सामने मेरा श्याम हो' गाकर पूरे वातावरण को श्याममय बना रहा था। इस अवसर पर पूरे मार्ग में रंग अबीर गुलाल एवं भजनों की मस्ती लेते भक्तगण शोभायात्रा में शामिल थे।
इस अवसर पर विभिन्न जगहों पर श्याम प्रेमी अपने घर एवं प्रतिष्ठान के द्वार पर श्री श्याम प्रभु का स्वागत पारंपरिक आरती व भोग एवं पुष्प वर्षा से किया। पूरे मार्ग में श्री श्याम मंडल रांची द्वारा प्रसाद वितरण एवं शुद्ध जल, जूस का भी वितरण किया गया। कई धार्मिक संथाओं ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। निशान शोभायात्रा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर जैसे ही पहुंची, सभी श्याम भक्तों ने भाव विभोर हो कर उत्साह के साथ श्री श्याम प्रभु को निशान अर्पित किया। समापन आरती के साथ आज के कार्यक्रम का समापन हुआ । इस निशान यात्रा को सफल बनाने में अनिल केजरीवाल, अशोक लाठ, मनोज सिंघानिया, ज्ञान प्रकाश बागला, सुनील मोदी, प्रदीप अग्रवाल, विकाश पडिया, अभिषेक डालमिया, प्रमोद बगड़िया, राकेश मुरारका, राकेश सारस्वत, मनोज ढांढनीयां का सहयोग रहा। श्री श्याम मंडल, श्री श्याम मंदिर, अग्रसेन पथ, रांची के मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने बताया कि सोमवार (10 मार्च) को मंदिर में रात्रि 9:00 बजे से मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ होगा। श्री श्याम प्रभु का विराट शृंगार, छप्पन भोग, सवामनी भोग, भजन पुस्तिका विमोचन, केसरिया होली इस समारोह का मुख्य आकर्षण होगा।

## एक नजर

### ट्रेनिंग के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने से आर्मी जवान का निधन

**मांडर।** प्रखण्ड के नगड़ा पंचायत स्थित कनभिट्ठा गांव निवासी आर्मी जवान छोटन उरांव का आकस्मिक निधन हो गया। वे बरेली में पदस्थापित थे। वर्तमान में वो ए सी सेंटर बेंगलुरु में कोर्स करने के लिए गए हुए थे। 7 मार्च को ट्रेनिंग के दौरान अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने से उनका निधन हो गया। रविवार को शहीद छोटन उरांव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शहीद छोटन उरांव के घर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। साथ ही उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में हमारी संवेदनाएं परिवार के साथ है।

### बजरंगदल दुर्गा वाहिनी ने मनाया होली मिलन समारोह

**खलारी।** विहिप बजरंगदल सह दुर्गा वाहिनी खलारी प्रखंड के तत्वाधान में होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका सुनीता महतो ने की। बजरंगदल दुर्गा वाहिनी के द्वारा प्रत्येक वर्श इस कार्यक्रम का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाता है। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग एकत्र हुए और एकजुटता, भाईचारे तथा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक दूसरे को गुलाल लगाए। बजरंग दल दुर्गा वाहिनी की प्रमुख ने कहा कि हमारा उद्देश्य समाज में एकता और प्रेम का संदेश देना है। होली का त्योहार न केवल रंगों से भरा होता है, बल्कि यह एकता, भाईचारे और सामूहिकता का प्रतीक भी है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें गीत नृत्य प्रस्तुत किए गए।

### क्षत्रीय महासभा सिल्ली की बैठक संपन्न

**सिल्ली।** सिल्ली राजवाड़ी परिसर में रविवार को क्षत्रिय महासभा सिल्ली की एक बैठक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव की अध्यक्षता में की गई । बैठक में विगत 28 फरवरी को आयोजित राजा जयंती समारोह की समीक्षा की गई। वहीं आगामी 13 मार्च को होली मिलन समारोह मनाने को लेकर चर्चा की गई। समारोह को भव्य बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम को सफल करने का आह्वान किया। इस मौके पर संजीत सिंह देव, नित्यानंद साय, नित्यानंद सिंह, रमेश सिंह, भरत देव साय, प्रदीप सिंह, बलराम सिंह, केशव राय, विंध्याचल राय, सरोज सिंह, गुलाब सिंह , कुंदन सिंह, देवकांत सिंह देव, दीलीप साय, भोलानाथ साय, मंगल सिंह, महादेव सिंह , मनोज सिंह, वीरू सिंह आदि उपस्थित थे।

रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव में निकली भव्य निशान शोभायात्रा

# राजस्थानी वेशभूषा में शामिल हुईं1101 महिलाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल के 53वें स्थापना दिवस पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो श्री श्याम अमृत महोत्सव का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। पहले दिन शुक्रवार को प्रातः 7:30 बजे से गणेश पूजन ध्वज स्थापना हवन पूजन का आयोजन मंदिर में किया गया। इसके बाद दोपहर 1:00 बजे से बाबा श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा महादेव सरोवर मंदिर बड़ा तालाब के पास सेवा सदन पथ से निकाली गई। लगभग 1101 श्याम प्रेमी राजस्थानी वेशभूषा में हाथों में ध्वजा लहराते हुए नगर भ्रमण किया। इस भव्य शोभायात्रा में घोड़ा, ऊंट, डांडिया, ताश बैंड मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। गुजराती डांडिया का कार्यक्रम पूरे शोभायात्रा में भक्तों को अपने और आकर्षित कर नाचने गाने के लिए उत्साह और उमंग भर रहा था। महादेव सरोवर मंदिर से दोपहर 1:00 बजे यात्रा प्रारंभ हुई जो रंगलाल जालान रोड रांची एक्सप्रेस गली मौलाना आजाद कॉलेज कोतवाली थाना शहीद चौक से पुस्तक पथ गांधी चौक से अप्पर बाजार ईस्ट मार्केट रोड लोहिया चौक कार्ट सराय रोड बारूद चौक गाड़ीखाना चौक होते हुए हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंची। स्थानीय कलाकार एवं श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्यों ने भक्तों को अपने भजनो से झुमाए रखा। राजस्थानी वेशभूषा में महिलाएं बाबा श्याम के निशान और सर पर राजस्थानी पगड़ी लगाकर झूमते गाते हुए दिखीं। शहर के विभिन्न संस्थाओं ने जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने सभी संस्थाओं का धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दी। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में सभी श्याम प्रेमियों को निशान वितरण किया गया। पूरे शोभायात्रा में 11000 से अधिक बुंदिया प्रसाद पैकेट का वितरण किया गया। शोभायात्रा में राजस्थान मित्र मंडल के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। राजस्थान मित्र मंडल के विनय सरावगी अशोक पुरोहित मनोज बजाज का मुख्य रूप से सहयोग रहा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, महोत्सव संयोजक श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, किशन शर्मा, संजय सराफ, कमलेश सावा, कौशल चौधरी, वेद भूषण जैन पप्पू आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी मुख्य भूमिका निभाई। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### भाजपा मंडल ने नमो टी स्टॉल लगाकर चाय पिलायी और पेयजल की व्यवस्था की

बेड़ो। दशभुजी मां देवी दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के नौंवे दिन नगर भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बेड़ो महादानी परिसर में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में नमो टी स्टॉल लगाकर चाय और पानी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदेश भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नेता भोगेन सोरेन , पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष राजीव रंजन अधिकारी,बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, महामंत्री आनंद साहु,नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश साहू , बेड़ो उपाध्यक्ष गणेश राम महथा,कमलेश महतो,अरूण प्रसाद गुप्ता, मिडिया प्रभारी मनोज साहू , जितेन्द्र पाठक आदित्य ताम्रकार धनंजय महतो शिवशंकर कुमार, नीलम गुप्ता योगेन्द्र लोहरा सुरेन्द्र लोहरा प्रदीप राम, अरूण सिंह ब्रिज सेठ दिनेश मेहता आशीष महतो दशरथ गोप प्रकाश साहू सीताराम सिंह इटकी मंडल अध्यक्ष पुरंजय महतो उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### हाड़ी जाति ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन




**धनबाद।** भूली के शांति वाटिका में हाड़ी जाति विकास मंच धनबाद जिला कार्यकारिणी बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डब्लू हाड़ी एवं मंच संचालन जिला सचिव बच्चन हाड़ी ने किया। इस होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महासचिव राजू प्रसाद हाड़ी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष बंटी कुमार हरि, प्रदेश संगठन सचिव कालो हाड़ी, सुनील हाड़ी, प्रदेश उप कोषाध्यक्ष भोला हाड़ी, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित हाड़ी उपस्थित हुए। इस समारोह में मुख्य रूप से विभिन्न जिलों, प्रखंडों एवं शाखाओं के पदाधिकारी उपस्थित हुये। सभी ने एक साथ मिलकर एक - दूसरे को रंग अबीर लगाया।साथ ही सभी को होली की बधाई दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बंटी कुमार हरि ने कहा कि रंगों के त्यौहार होली को हमें एक साथ मिलकर धूमधाम से मनाना चाहिए। मौके पर मन्नू प्रसाद हाड़ी, प्रदीप हाड़ी, मानिक चंद हरि, धुरन हाड़ी, राजू हाड़ी, परेश हाड़ी, शिवनाथ हाड़ी, दीनानाथ हाड़ी, नारायण हाड़ी सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

### सहायक अध्यापक संघ अड़की इकाई ने प्रखंड परिसर में की विशेष बैठक



**अड़की।** रविवार को सहायक अध्यापकों ने प्रखण्ड परिसर के ब्लॉक क्लोनी विद्यालय प्रांगण में विशेष बैठक की। उल्लेखनीय है कि जीरो आपार आईडी के कारण सहायक अध्यापकों का माह जनवरी से मानदेय भुगतान नहीं किया गया, जबकि अभी सामने होली है। होली जैसा त्योहार में शिक्षकों का मानदेय रोकना उनके साथ सौतेला व्यवहार के समान है। आपार आईडी का कार्य प्रारंभ है, पर बहुत सी तकनीकी अड़चन के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिन बच्चों का आधार नहीं है उनका आपार नहीं बन पाता है और आधार के लिए अधार कार्ड का होना अति आवश्यकता है। ऐसे में इस क्षेत्र में एक और समस्या रहती है जहां ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की भी समस्या है। वहीं दो वर्ष पहले पत्थलगाड़ी जैसे समस्याओं के कारण कई क्षेत्रों में अधार कार्ड को प्रखण्ड कार्यालय में जमा कर दिया गया था। सहायक अध्यापक अपने कार्य के प्रति समर्पित हैं, हमारा संगठन कार्य नहीं करने वाले शिक्षकों की पैरोकार नहीं है, किंतु जो कार्य करते हैं अल्प मानदेय में अपना भरण पोषण कर रहे हैं। उन्हें भुगतान मिलना चाहिए। बैठक में उपस्थित बुढ़न सिंह मुंडा ने कहा कि यु किसी भी एंगल से उचित नहीं। यदि होली से पहले मानदेय भुगतान नहीं किया गया तो संगठन बैठक कर आगे की रणनीति तैयार करेगी और धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में बुडन सिंह मुंडा,गौरांग मुंडा,मरियम हस्सा, नील मनी नाग, कृपा डेरे संगा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### किसानों के बीच किया गया गर्मा फसलों के बीज का वितरण



**चान्हो।** गर्मा फसल का मौसम आते ही किसानों में फसल लगाने की चाहत बढ़ने लगी है। चान्हो प्रखंड के बुचा ओपा में गर्मा मुंग फसल पूर्ण अनुदान किसानों को वितरण करते हुए विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान कृषक मित्र लाला साहू रमेशर महली इम्तियाज आलम बालक राम उपस्थित थे।

### कंदरी जागरूकता समिति ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**मांडर।** मांडर प्रखंड के कंदरी में रविवार को प्रबुद्धजनों के द्वारा पारसनाथ सिन्हा के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी सदस्यों ने एकजुटता सह हर्ष उल्लास के साथ होली मनाने का निर्णय लिया एक दूसरे को शुभकामनाएं दी बधाई दिया एवं कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को मिटाकर समाज को सही दिशा में ले जाना युवाओं को सही मार्गदर्शन करना एवं उन्हें शिक्षा स्वरोजगार के साथ संस्कारों से जोड़ना इस तरह के समसामयिक विषयों पर गहरी चर्चा की गई। तय किया गया कि सामूहिक रूप से होलिका दहन किया जाएगा एवं 14 मार्च को रंग उत्सव मनाया जाएगा। साथ ही संध्या में वर्षों से चली आ रही सामूहिक डोल पूजा में बढ़ चढ़कर शामिल होने का निर्णय लिया गया। समाज की एकजुट पर जोर दिया गया।

## दिव्यांग शक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट ने किया होली मिलन समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। कतरास**
दिव्यांग शक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट धनबाद प्रधान कार्यालय टांडाबारी (नीमतल्ला) में प्रथम होली मिलन समारोह रखा गया था।जिसमें धनबाद जिले के अलग-अलग जगह से आए दिव्यांग लोग में मिलन होली समारोह में भाग लिया। समारोह के दौरान उपस्थित सभी दिव्यांगजन ने भक्ति संगीत में भाग लिया और गले मिलकर हाथ मिलाकर सम्मान करते हुए एकजुटता का पहचान दिये। रंग लगा कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं। समारोह में विशेष रूप से अल्पाहार की व्यवस्था की गई,जिससे उपस्थित दिव्यांग लोगों को आनंद लेने का अवसर मिला। एकता और भाईचारे की भावना को और मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन एक रंगीन और जोशपूर्ण माहौल में हुआ, जिसमें सभी ने एक साथ होली खेलकर खुशियाँ साझा की। इस समारोह मे धनबाद जिला क्षेत्र से लगभग दिव्यांग पुरुष, दिव्यांग महिला एवं बच्चे शामिल थे। इस समारोह को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि के सुरेश यादव, अध्यक्ष अशोक कुमार भुईयाँ, सचिव गोवर्धन रजक, प्रवीन गुप्ता, मनोज सिंह, सूरज कुमार, अजय कुमार,आशा देवी, राजकुमार रवानी, राज बाबू (जलवा),शक्ति रविदास, देबू दास ,सुनिल वर्मा, आनंद साव एवं अन्य भी मौजूद थे।

एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्या कांड मामले में 6 अभियुक्त हिरासत में

# पुलिस कर रही पूछताछ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव हत्या कांड के मामले में जांच के दौरान पुलिस, छह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को कटकमदाग थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने एसआईटी टीम का गठन किया। गठित टीम की अगुवाई बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार कर रहे हैं। इसमें कटकमदाग, केरेडारी और बड़कागांव थाना प्रभारी समेत तकनीकी शाखा के कई अधिकारी शामिल हैं। गठित टीम के द्वारा छापामारी की गई इसी क्रम में पुलिस ने अलग-अलग ठिकानों से 6 लोगों को हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। फिलहाल, पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम उजागर नहीं किए हैं।

### एनटीपीसी और आउटसोर्स कंपनियां निशाने पर

पुलिस सूत्रों के अनुसार एनटीपीसी और उसकी आउटसोर्स कंपनियों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों पर हमलों की यह चौथी घटना है। हालांकि, एनटीपीसी के इतने बड़े अधिकारी पर हमला पहली बार हुआ है। इससे पहले, आउटसोर्स कंपनियों के 2 वरिष्ठ अधिकारियों और एक इंजीनियर की हत्या हो चुकी है। एनटीपीसी के अधिकारियों के अनुसार, कुमार गौरव को किसी तरह की धमकी नहीं मिली थी और उनका किसी से कोई विवाद भी नहीं था। इससे आशंका जताई जा रही है कि हो सकता है किसी और को टारगेट किया गया था, लेकिन कुमार गौरव मारे गए। ये हत्याकांड पूरे राज्य में सुर्खियों में है। बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज हजारीबाग पहुंचे और घटनास्थल सहित कई संदिग्ध ठिकानों पर जांच की। उन्होंने कहा कि पुलिस एनटीपीसी के कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षा देने के मुद्दे पर भी विचार कर रही है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेकर जांच में जुटी है।

## धनबाद विधायक व डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर वाटरशेड यात्रा का किया शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
झारखण्ड राज्य जलछाजन मिशन ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित जलछाजन विकास अवयव प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में वाटरशेड यात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर आउटरीच कैंपेन चलाने का कार्यक्रम 5 फरवरी से प्रारंभ है। जिसमें धनबाद जिला के तोपचांची प्रखण्ड के जलछाजन क्षेत्र में वाटरशेड यात्रा 9 मार्च से 11 मार्च तक निर्धारित है। जिसके तहत रविवार को वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ धनबाद विधायक राज सिन्हा एवं उप विकास आयुक्त सादात अनवर द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मौके पर जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, जिला तकनीकी विशेषज्ञ डब्लूसीडीसी, सचिव पीईटीसीआई तथा जलछाजन टीम के सभी डब्लूडीटी मौजूद रहें।

## सदस्यता अभियान के तहत झामुमो महुदा जोन में की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। कतरास**
झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता अभियान के तहत बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत महुदा जोन की बैठक धमार्बान्ध पंचायत नीचे देवघरा के ₹पोटो हो खेल मैदान₹ में पूर्व केंद्रीय सदस्य धीरेन रवानी की अध्यक्षता में हुई।जिसका संचालन पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष रतिलाल टूडू ने किया। जहाँ सैकड़ों की संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की तथा यहां सर्वसम्मति से जोन में आनेवाली सभी पंचायतों का समिति गठन/ पुनर्गठन करने तथा बृहद रूप से सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इससे पहले धमार्बान्ध की मुखिया बानी देवी ने सभी आगन्तुक अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख लखी सोरेन,केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा,केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मण्डली प्रभारी नकुल महतो, अलाउद्दीन अन्सारी, सुखलाल मराण्डी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, प्रखण्ड प्रभारी मनोज रवानी, हरेन्द्र चौहान, शिशुपाल महतो, घन्टु त्रिगुणायत, राजेन्द्र राजा, दुलाल महतो इम्तियाज रिजवी, संजय रजवार, सज्जाद अंसारी, सहदेव महतो, रितिक सिंह, सोनू, उर्मिला देवी, प्रमिला देवी, दुखमणि देवी, मलतो देवी, रिंकी कुमारी आदि सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### संगठन महामंत्री पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो के घर, परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस



**सिल्ली।** शनिवार को भाजपा राहे मंडल अध्यक्ष चितरंजन महतो के असामायिक निधन पर गमहीन परिजनों से मिलने भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उनके पैतृक गांव डोकाद पहुंचे. सांसद ने शोकाकुल परिवार से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त की। परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि चित्तरंजन महतो का जाना पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है. कर्मवीर सिंह ने कहा कि बहुत ही कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता थे। वे हमेशा पार्टी संगठन एवं सामाजिक कार्यों के लिए सक्रिय रहते थे। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में हम सब उनके परिवार के साथ खड़े हैं।मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक, खगेश महतो,मंडल महामंत्री मेघनाथ,गंगाधर साव,युधिष्ठिर महतो,लक्ष्मण महतो,फलीन्द्र हजाम भी मौजूद रहे।

रैयत विस्थापित मोर्चा के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

## रैयतों को उनका हक अधिकार मिलना चाहिए : सैनाथ गंझू



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
रैयत विस्थापित मोर्चा के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता ने किया। मुख्य अतिथि मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सैनाथ गंझू सहित अन्य अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। वक्ताओ ने रैयत विस्थापित के हक अधिकार दिलाने की बात कही तथा रैयत विस्थापितों की एकजुटता पर बल दिया। एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन हमेशा प्रयास करती है कि रैयत विस्थापित को उनका हक अधिकार मिल सके। जिन रैयत विस्थापितों ने अपनी जमीन देकर कोयला खदान को बढ़ाने में सहयोग किया है उन्हें उनका हक मिलना चाहिए। इसके लिए कंपनी भी हमेशा तत्पर है। मुख्य अतिथि सैनाथ गंझू ने कहा कि रैयत अपनी जमीन देकर कोयला कंपनी को बसाने का काम करते हैं और इसके लिए उनकी जमीन अधिग्रहण की जाती है।

### 3 दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**बुढ़मू।** बुढ़मू के नाउज में बजरंग बली मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान को लेकर रविवार 10 बजे कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ उपस्थित होकर महिलाओं को कलश वितरण किया। कलश यात्रा में 501 महिला एवं कन्याओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर भागवती मड़ई में कलश व्रतियों ने माथा टेका और खुठेर स्थित भूर नदी से जल को उठाया गया। और ढोल, ताशा और भेर के साथ जय श्री राम के नारों के जय घोष से पुरा क्षेत्र राममय हो गया। कलश व्रतियों का यात्रा मंदिर परिसर पहुंचकर कलश यात्रा संपन्न हुआ। मौके पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी,जिप सदस्य रामजीत गंझू, प्रमुख सत नारायण मुंडा,उप प्रमुख हरदेव साहू, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी,मुखिया अनुपा उरांव, रत्न प्रकाश सिंह और भाजपा नेता कमलेश राम शामिल हुए।

## बिरसा कॉलेज खूंटी में नागपुरी साहित्य व साहित्यकार विषय पर व्याख्यान का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
बिरसा कॉलेज खूंटी में नागपुरी विभाग की ओर से मेरी दृष्टि में नागपुरी साहित्य एवं साहित्यकार विषयक एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में नागपुरी साहित्यकार एवं आकाशवाणी राँची के पूर्व नागपुरी कम्पीयर प्रमोद कुमार राय उर्फ सन्तु भाई बतौर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि नागपुरी साहित्य की काव्य रचनाएँ बहुत ही उत्कृष्ट और उम्दा दर्जे की हैं। नागपुरी कविताएं कबीर, रहीम, सूरदास, तुलसीदास, भारतेन्दु की रचनाओं के समकक्ष प्रतीत होती हैं। उन्होंने नागपुरी कवि अनूप राय, हनुमान सिंह, घासीराम सहित अन्य नागपुरी कवियों की रचनाओं का उदाहरण भी दिए। हिन्दी की इतर भाषाओं के समतुल्य नागपुरी की रचनाएँ हैं, लेकिन किसी कारणवश नागपुरी की ऐसी रचनाएँ प्रकाश में नहीं आ पायी हैं। इसे उजागर करने की जरुरत है। प्रमोद कुमार राय ने कहा कि नागपुरी साहित्य पर गंभीर शोध होना चाहिए। प्रमोद कुमार राय परंपरा से हटकर नागपुरी गीत और कविता लेखन कर एक दिशा देने का कार्य किया है। उनकी दो पुस्तक बीता भइर ठाव और मनमीत प्रकाशित है। आकाशवाणी राँची में 40 वर्षों तक सेवाएं दीं। साथ में नागपुरी लेखन कार्य को भी जारी रखा। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या जे. किड़ो ने कहा कि नागपुरी साहित्य को समझने के लिए कार्यक्रम उपयोगी रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को लेखन कार्य में रूचि रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन नागपुरी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. कोरनेलियुस मिंज और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अंजु लता कुमारी ने किया।

एनआईटी जमशेदपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजित

## महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य पर दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एनआईटी जमशेदपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम दिवस समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधकताओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, उनकी उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा करना था। पारिमिता इंटरनेशनल हीलिंग एकेडमी एंड रिसर्च काउंसिल की संस्थापक एवं निदेशक, डॉ. परिमिता परी ने अपने संबोधन में महिलाओं के समग्र विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था महिलाओं के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि लगभग 90% बीमारियाँ हमारे विचारों, भावनाओं और व्यवहार से उत्पन्न होती हैं। यदि किसी को लगातार थकान, क्रोध, नकारात्मकता या तनाव महसूस हो रहा है, तो इसका समाधान आत्मचिंतन और आंतरिक संतुलन में निहित है। डॉ. परी ने ऊर्जा चिकित्सा और सात चक्रों के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि हृदय चक्र को संतुलित करना आवश्यक है, क्योंकि यह आध्यात्मिक उन्नति और मानसिक शांति का केंद्र है। उल्लेखनीय है कि डॉ. परिमिता पारी के पति, अजय पासवान, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में हिंदी के प्राध्यापक और जन सूचना पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं, जो शिक्षा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। समारोह में एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार, संस्थान की प्रथम महिला इंद्राणी सूत्रधार, आईआईएम बोधगया की निदेशक प्रो. विनीता सहाय और भारत सरकार के संयुक्त सचिव आलोक कुमार दुबे (आईएएस) जैसे प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जमशेदपुर की एसडीएम शताब्दी मजूमदार (आईएएस), एएसएमई सहायक (यूएसए) के अध्यक्ष सहाय और डॉ. परिमिता परी भी शामिल थीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत किए गए, जो महिलाओं की शक्ति और उपलब्धियों को समर्पित थे। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष डॉ. रश्मि सिन्हा, प्रो. अशोक कुमार (विभागाध्यक्ष, एमएमई) और डॉ. मधु सिंह (विभागाध्यक्ष, ईई) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक कहानियां

इस अवसर पर, कई छात्राओं ने अपनी सफलता की कहानियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि किस प्रकार उन्होंने कठिनाइयों का सामना करते हुए उच्च शिक्षा प्राप्त की और शोध व नवाचार के क्षेत्र में योगदान दे रही हैं। छात्राओं ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी और लैंगिक पूर्वाग्रहों को दूर करने की दिशा में अपने अनुभव साझा किए।

### विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की बैठक का हुआ आयोजन

# हिंदू नव वर्ष 30 मार्च से लेकर 12 अप्रैल तक जिले में मनाया जाएगा रामोत्सव

नवीन मेल संवाददाता



सिमडेगा। विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला कार्यालय में रविवार को जिला समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से सिमडेगा जिला के पालक केशव चंद्र साव उपस्थित हुए। बैठक में प्रांत कार्य समिति की बैठक में मिले दिशा निर्देश के अनुसार कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया जिसमें आगामी 30 मार्च को विक्रम संवत हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हो रही है इस दिन से लेकर हनुमान जयंती 12 अप्रैल तक सिमडेगा जिले में रामोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मौके पर विभाग पालक ने संबोधित करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद लगातार अपने धर्म संस्कृति सभ्यता और संस्कृति को बचाए रखने के लिए अनेकों कार्यक्रम करती है और वार्षिक कैलेंडर के अनुसार प्रमुख त्योहारों को मनाती है इसी को लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन सिमडेगा जिले के सभी पंचायत में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कौशल राय सिंह देव ने कहा कि सिमडेगा जिला में प्रत्येक वर्ष राम उत्सव भव्य तरीके से मनाया जाता है और इस वर्ष भी सिमडेगा जिले के सभी 94 पंचायत में यह कार्यक्रम बड़े भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति को एकरूपता लाने के उद्देश्य यह कार्यक्रम सभी जगह पर होगी और अधिक से अधिक जगहों पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए भगवान श्रीराम के जीवन आदर्श मूल्यों को अपनाने के लिए सभी लोगों को जानकारी दी जाएगी। इन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम एक आदर्श पुत्र ,पिता ,पति और एक राजा और एक सेवक के रूप में समझ में जो मर्यादा का पाठ पढ़ाया है उसे हमें सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों को समाज में संगठित करते हुए संकीर्तन और संगत तथा पंगत को बढ़ावा देने के लिए आवाहन किया। वही इस मौके पर पिछले दिन हुए कार्यक्रमों के बारे में भी समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों को भव्य तरीके से करने के लिए सभी लोगों को कहा गया जिससे कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप दिया जा सके। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष किरण चौधरी जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर मिश्रा, कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद एवं संघ प्रतिनिधि लहरु सिंह के द्वारा भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। वहीं बैठक के अंत में होली मिलन समारोह का आयोजन करते हुए सभी लोगों को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी जिसके बाद बैठक का समापन किया गया बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री कृष्णा शर्मा ,कमल सेनापति, प्रकाश दास,आंनद जैसवाल, कुलदीप प्रसाद, आनंद गिरि सोनू सिंह,वीके साहू, सुमित गुप्ता, के अलावा सैकड़ो की संख्या में विभिन्न प्रखंड से आए हुए पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति महिलाएं उपस्थित थे।



## स्कूल परिसर में इंडिगो सेवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। शहरी क्षेत्र के सलडेगा स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में इंडिगो कंपनी की ओर से इंडिगो सेवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत पूरे विद्यालय परिसर का इंडिगो कंपनी की ओर से निःशुल्क रंग रोगन किया गया। इसी क्रम में कई प्रकार के कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से बच्चों के बीच विभिन्न विषयों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया महिलाओं के लिए चेयर रेस का भी आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के अलावा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं को कंपनी की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के रंग रोगन करने वाले पेंटरों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में चेयर रेस में विद्यालय की ही शिक्षिका ज्योति प्रभा दत्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें कंपनी के स्थानीय डीलर सुरज कुमार साहू के द्वारा सम्मानित किया गया मुख्य रूप से विद्यालय की ज्योति प्रभात दत्ता, सुधा कुमारी, दीप्ति रानी दत्ता, अंजु कुमारी, अनिता कुमारी मौजूद रहे. पेंटरो को कंपनी की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंडिगो कंपनी के ब्रांच मैनेजर अनिल कुमार श्रीवास्तव, सीनियर सेल्स ऑफिसर रविनेश कुमार, कंपनी के वीडियो रंजीत पांडे और कृष्णा कुमार, श्रीराम पेंट्स एवं एल्यूमीनियम के प्रोपराइटर सूरज कुमार साहू भी उपस्थित रहे।

## शांति व सौहार्दपूर्ण होली मनाने को लेकर केरसई में हुई शांति समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता




केरसई। केरसई अंचलाधिकारी देवकान्त सिंह की अध्यक्षता में होली एवं ईद त्यौहार को लेकर केरसई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई।बैठक में केरसई अंचलाधिकारी ने कहा कि केरसई का इतिहास रहा है कि यहां सभी धर्म के लोग सभी पर्व एवं त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से मनाते हैं। यह इतिहास इस बार भी कायम रहना चाहिए लोग दूसरे धर्म का सम्मान करते हुए अपना त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं।होलिका दहन में अपने बुराइयों को जलाकर अच्छा योग के साथ आगे बढ़े और त्यौहार धूमधाम से मनाएं।वहीं केरसई थाना प्रभारी रामनाथ राम ने कहा कि त्यौहार मनाने की छूट है पर त्यौहार के नाम पर नशे में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी एवं नशे में तेज स्पीड में बाइक चलाने वालों पर पुलिस करवाई करेगी।बैठक के पश्चात शांति समिति के लोगों ने प्रशासन के साथ अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।मौके पर जीप सदस्य प्रेमा बाड़ा ,रवि गुप्ता ,कोनजोबा मुखिया मुन्स खेस, बघडेगा मुखिया राहुल तिग्गा , शशि प्रसाद ,गौतम कुमार केरसई मुखिया फाबियोला खेस, किनकेल मुखिया बसंती लकड़ा, दिवाकर प्रसाद ,मनोज कुमार ,बसारत अंसारी ,सूर्यनारायण प्रसाद ,बिष्णु प्रसाद ,उपेंद्र प्रसाद मनोहर कुमार सहित शांति समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

## जुरकेला बंडाटोली गांव में खड़िया सरना महासभा का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



कोलेबिरा। कोलेबिरा प्रखंड के जुरकेला बंडाटोली गांव में खड़िया सरना महासभा का आयोजन किया गया. इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में सुशील केरकेट्टा उपस्थित थे. महासभा का प्रारंभ अतिथियों के द्वारा सरना झंडा की अपनी सारण रीति रिवाज एवं धर्म के अनुसार पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात समाज के महिलाओं एवं बालिकाओं के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत हाथ धोकर एवं पुष्प गुच्छा देकर की गई।इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सुनील केरकेट्टा ने उपस्थित लोगों को खड़िया आदिवासी का मूल धर्म सरना पूजा प्राकृतिक का उपासना के बारे में बतलाया. आज हमारे समाज के लोग अपने धर्म एवं रीति रिवाज को बोलते जा रहे हैं और लालच में दूसरे धर्म की ओर ज्यादा झुक रहे हैं इसके लिए समाज के लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है तथा वैसे लोगों को अपने समाज के बारे में जताना है।उन्होंने आगे बताया कि समाज के लोगों का दूसरे धर्म में झुकाव का मुख्य कारण यह भी है कि काम की तलाश में हमारे समाज के लोग बाहर जा रहे हैं या भी एक मुख्य कारण है हमारा समाज प्राकृतिक का पूजन करता है लेकिन इससे भी हम लोग बोलते जा रहे हैं और प्राकृतिक का दोहन कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को इस संबंध में जागरूकता फैलाने की बात कही। सारनाथ धर्म को यथावत रखने हमारा कर्तव्य है हम सभी लोग सरना धर्म के रीति रिवाज संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट हो। इसके अलावे सभा के मुख्य संयोजक मोना इंद्वार मैं भी उपस्थित लोगों को सरना धर्म एवं सारण संस्कृत को आगे बढ़ाने के लिए सभी सरना समाज के लोगों को एकजुट होने की बात कही। सभा में उपस्थित सारण समुदाय के लोगों ने एक स्वरूप में सरना धर्म को आगे बढ़ने का संकल्प लिया। सरना महासभा में पालकोट, बसिया, कोलेबिरा, भरनो ,गुमला, बानो, लचरागढ़, सिमडेगा के अलावा विभिन्न जगहों के भारी संख्या में लोग में भाग लिया।इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज कुल्लू, राजू खड़िया, भादों पहान, रितु कल्लू, वासुदेव इंदवार ,सुनील खड़िया ,बरसा खड़िया, शांति इंदवार, हीरालाल साहू आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जन जागरूकता अभियान में बच्चों के बीच पुस्तक वितरण एवं नैतिक शिक्षा पर चर्चा

**● जामबहार टुकुपानी एवं मांझी टोली, फरसापानी में जन जागरूकता अभियान का आयोजन**

नवीन मेल संवाददाता




सिमडेगा। जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम बच्चों में नैतिक मूल्यों, शिक्षा के प्रति जागरूकता और स्वच्छता के महत्व को समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।जामबहार टुकुपानी में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जगधन मांझी, लालचंद प्रधान, वार्ड सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान 75 बच्चों के बीच पुस्तकें वितरित की गईं। मांझी टोली, फरसापानी में हुए कार्यक्रम में मार्गरिटा कुल्लू, प्रफुलित सोरेंग, परदेशी मांझी एवं जैमुनी देवी की उपस्थिति में 35 बच्चों को पुस्तकें दी गईं।इस अवसर पर संस्थान के समन्वयक राहुल कुमार ने बच्चों को स्वच्छता, अनुशासन और शिक्षा का महत्व समझाया। रोजाना स्नान करने, नाखून काटने, सुबह उठकर प्रार्थना करने, बड़ों का अभिवादन करने, स्कूल जाने, किताबें पढ़ने, होमवर्क करने और माता-पिता एवं मित्रों की सहायता करने की आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि यदि बच्चे इन आदतों को अपने जीवन में अपनाते हैं तो वे निश्चित रूप से देश के आदर्श नागरिक बन सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद दिया। आज के जन जागरूकता अभियान को सफल बनाने में संस्थान के राहुल कुमार, मूनरेन कुल्लू और कृषक बंधू प्रभात कुमार जी का अहम योगदान रहा।

## अखिल भारतीय समाज विकास परिषद प्रखंड इकाई की हुई बैठक

बोलबा। अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद प्रखंड इकाई की बैठक हुईं।बैठक रामजतन सिंह की अध्यक्षता में हुई प्रखंड अध्यक्ष रामजतन सिंह ने सभी सदस्यों को स्वागत करते हुए बताया कि आगामी 4 अप्रैल 2025 को प्रखंड मुख्यालय में शहीद बख्तर साय शहीद मुंडल सिंह का शहादत दिवस के रूप में मनाया जाएगा । एवं शहादत दिवस मनाने के लिए कई योजना बनाई गई । प्रत्येक क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई, प्रत्येक क्षेत्र से सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया । और अगले सत्र में योजना बद्ध तरीके से नियमित बैठने का निर्णय लिया गया । प्रखंड सचिव पीतांबर सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा कि शहीद बख्तर साय और मुंडल सिंह हमारे समाज के आदर्श रहे हैं।

## 100 टीबी मुक्त अभियान के तहत महावीर चौक में लगाया गया निशुल्क स्क्रीनिंग कैंप

नवीन मेल संवाददाता



सिमडेगा। सिमडेगा महावीर चौक के पास स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा की ओर से 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान कार्यक्रम के तहत सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान की अध्यक्षता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जहां पर प्रातः काल चाय के साथ निशुल्क टीबी स्क्रीनिंग किया गया।मौके पर यक्ष्मा पदाधिकारी आनंद खाखा उपस्थित हुए।। मौका पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान ने कहा कि सिमडेगा में 7 दिसंबर से 100 दोनों का टीबी मुक्त अभियान की शुरुआत की गई है ,जिसका उद्देश्य है कि सिमडेगा जिले को पूरी तरह से टीबी मुक्त बनाया जाए। इसी को लेकर या स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया जहां पर मात्र 3 मिनट के अंदर एक्सरे की रिपोर्ट दी जा रही है । जिसके माध्यम से लोगों का बीमारी के बारे में पता लगाया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोग इसके प्रति जागरूक हो अपनी जांच कराएं। उपस्थित जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने भी लोगों को यक्ष्मा रोग के लक्षण एवं इसके बचाव आदि चीजों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।वहीं मौके पर सभी लोगों को निशुल्क चाय पिलाया गया ,इस मौके पर यक्ष्मा विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### तूफान क्लब ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

# सिमडेगा जिला मुख्यालय को जल्द रेल सेवा से जोड़ने और बाईपास रोड की उठी मांग

नवीन मेल संवाददाता




सिमडेगा। सिमडेगा जिला मुख्यालय को अतिशीघ्र रेलवे लाइन से जोड़ने और बाईपास रोड के निर्माण की मांग को लेकर रविवार को शहर के महावीर चौक पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। तूफान क्लब की ओर से शुरू किए गए इस हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने हस्ताक्षर करते हुए की। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले के विकास के लिए जिला मुख्यालय को अतिशीघ्र रेलवे लाइन से जोड़ने की जरूरत है। सिमडेगा को रेलवे लाइन से जोड़ने पर कृषि और वन उत्पाद आधारित यहां की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलेगी।साथ ही देश के अन्य भागों से रेलवे लाइन से सिमडेगा के जुड़ने से आवागमन की सुविधा के साथ और कई सकारात्मक बदलाव होंगे। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय में जल्द से जल्द बाईपास रोड के निर्माण की भी सख्त जरूरत है। एन एच 143 पर रोजाना भारी वाहनों के आवागमन से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। वहीं लगातार दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।तूफान क्लब के सचिव राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिले को विकसित बनाने और जनसमस्याओं को दूर करने के लिए इन दोनों सुविधाओं की सख्त जरूरत है। काफी संख्या में लोगों ने बढ़- चढ़कर इस हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया और इन मांगों का समर्थन किया। मजदूर नेता राजेश सिंह ने कहा कि ये मांगे काफी पहले पूरी हो जानी चाहिए थी, अगर ऐसा पहले ही हुआ होता तो आज सिमडेगा की तस्वीर कुछ और ही होती। वहीं दीपक अग्रवाल रिंकू ने कहा कि यदि केंद्र और राज्य सरकार वास्तव में विकास का कोई उदाहरण प्रस्तुत करना चाहती है। तो उनके लिए सिमडेगा से बेहतर विकल्प नहीं होगा और सिमडेगा के विकास के लिए इन दोनों क्षेत्रों में काम होना आवश्यक है। महावीर चौक पर देर शाम तक हस्ताक्षर अभियान के बोर्ड पर लोगों के द्वारा हस्ताक्षर करने का सिलसिला जारी रहा।

## केरसई में बजरंगबली प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

केरसई। केरसई स्थित बजरंगबली मंदिर में रविवार को बजरंगबली प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा हेतु कलश यात्रा का आयोजन किया गया ।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे जय श्रीराम बजरंगबली की जय के नारे एवं भजन के साथ पूरे उत्साह से कलश यात्रा में भाग ले रहे थे ।कलश यात्रा ख़लीजोरा नदी से प्रारंभ होकर भंडार टोली ,केरसई चौक, साहु चौक होते हुए बाजार प्राण स्थिति बजरंगबली मंदिर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए समिति के गौतम कुमार ने बताया की आज को प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा हेतु 24 घंटे का अखंड नाम यज्ञ प्रारंभ होगा। जिसमें केरसई सहित कुरडेग बोलबा एवं ठेठईटांगर प्रखंड के दर्जनों कीर्तन मंडली नाम यज्ञ में शामिल होंगे साथ ही बजरंगबली के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूजा होगी ।पूजा में यजमान के रूप में पूजा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार रोहित सपत्नीक भाग ले रहे हैं ।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया है एवं सभी ग्रामवासी अपना अपना योगदान दे रहे हैं।

## कुम्हार समाज जिला समिति ने होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

सिमडेगा। कुम्हार समाज जिला समिति के अगुवाई में रविवार को पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम किनारे होली मिलन समारोह एवम वनभोज का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश महतो के द्वारा की गई।बैठक में मुख्य रूप से रांची से सदान प्रजापति, संजय महतो रांची ,राजेन्द्र महतो ,खूंटी जिला अध्यक्ष गुड्डू रामचरण महतो उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करने के साथ ही की गई जिसके बाद समाज में फैली कुरीतियों एवं कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही कहा गया कि समाज को आगे लाने के लिए सामाजिक राजनीतिक भागीदारी अवश्य होनी चाहिए। इसके लिए सभी लोग आगे बढ़-चढ़कर समाज हित में कार्य करें वहीं इसके पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां पर सभी को एक दूसरे के चेहरे पर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध मवेशी लदे पिकअप को पुलिस ने किया जब्त

सिमडेगा। बांसजोर और ठेठईटांगर पुलिस के द्वारा अवैध मवेशी लदे एक पिकअप वैन को जब्त किया गया है। जब्त वाहन से बरामद मवेशियों को सिमडेगा स्थित गोपाल गौशाला में रखा गया है। बताया गया कि बड़ी बेरहमी से मवेशियों को बांधकर रखा गया था। बताया गया कि कुल 14 मवेशी को बांध कर रखा गया है, जिसमें एक मवेशी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सिमडेगा के रास्ते से प्रतिबंधित मवेशी को पिकअप वैन के माध्यम से बाहर ले जाया जा रहा है। सूचना के आलोक में टीम बनाकर छापेमारी की गई जिसके बाद पुलिस को देखकर पिकअप वाहन को छोड़कर तस्कर फरार हो गए इधर पुलिस ने सभी मवेशी को गौशाला में रखा है तथा इस मामले में मामला दर्ज करते हुए छानबीन कर रही है।

### पुलिया के नीचे गिरी सवारी गाड़ी कई लोग हुए घायल

बोलबा। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के कोरोमियाँ स्कूल के जपलंगा मोड़ के पास पूजा सुपर नामक मैजिक गाड़ी. पुल के नीचे अनियंत्रित होकर गिर गई। बताया गया कि. ड्राइवर को चक्कर आ गया जिससे वह नियंत्रण खो गया, जिससे यह घटना घटी।घटना में दो लोगों का पैर टुटा है. वहीं एक. महिला को चोट लगी है जबकि अन्य कई लोगों को हल्की चोटे आई है। सभी लोगो का सदर अस्पताल सिमडेगा.में इलाज चल रहा है। घायल सभी व्यक्ति से बाहर बताए जा रहे है। घटना कई सूचना मिलते ही ठेठईटांगर पुलिस घटना स्थल पहुंच गई और आगे कई करवाई कर रही है।

### महाबुवांग थाना में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

बानो। प्रखण्ड के महाबुवांग थाना में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी ने कहा होली का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। मिल जुल कर होली का पर्व खुशी पूर्वक मनाएं।किसी को जबरजस्ती न लगाएं।सोसल मीडिया में कोई भ्रामक खबर हो तो उसे बिना जांच पड़ताल कर आगे न शेयर न करें।सोसल मीडिया में गलत न्यूज़ भी भेजी जाती है।थाना क्षेत्र के किसी भी गाँव मे कोई घटना हो तो उसकी जानकारी तुरंत प्रशासन को दे ।आज कल सड़क सुरक्षा को लेकर अक्सर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाया जाता है।दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहन कर ही चले।मौके पर एस आई बीरेंद्र कुमार, एस आई कमल कच्छप ,जगेश्वर साहू ,विनय साहू,लुकास कंडुलना आदि लोग उपस्थित थे।

### लचरागढ़ डिफेंस अकादमी के कुल 13 छात्रों का चयन होमगार्ड और चौकीदार हुआ चयन

कोलेबिरा। मुझे कुछ करना है संस्थान के पप्पू नायक,राजू बैठा,सुलोचनी कुमारी,गौतम बड़ाइक,तारावती कुमारी,यशोदा कुमारी,दिलंबर साहू,वेदव्यास साहू,रामचरण सिंह,छोटू लोहरा,मिकी डांग,ललिता कुमारी,का चयन होमगार्ड और मरियम मरखी का चयन चौकीदार में हुआ।संस्था में उल्लास का माहौल है।संस्थान के संचालक रवि साहनी का कहना है कि जो छात्र नौकरी की तैयारी के लिए रांची का रुख करते थे वो अब अपने घरपर रहकर ही तैयारी कर पाएंगे।सहसंचालक अविनाश साहू का कहना है कि यह उपलब्धि लचरागढ़ के लिए काफी मयने रखती है। आज इनमें से 5 चयनित छात्रों ने इन्द टांड़ मैदान लचरागढ़ में उपस्थित होकर छात्रों को फिजिकल ट्रेनिंग दी और सफल होने का मूलमंत्र दिया।और अपने गुरुजनों रवि शंकर साहनी और अविनाश साहू,धर्मवीर सिंह को धन्यवाद दिया।

### लचरागढ़ में उड़ीसा से आए कीर्तन मंडली ने कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों को किया मंत्रमुग्ध

कोलेबिरा। प्रखंड के लचरागढ़ स्थित पुराना शिव मंदिर में आयोजित चार दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव में उड़ीसा के कीर्तन मंडलीयों ने कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा,कार्यक्रम में उड़ीसा से आए छोटे-छोटे बच्चों ने शानदार प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।भंडारा का भी आयोजन किया गया इसमें लोगों के बीच खिचड़ी दाल भात चावल प्रसाद आदि का वितरण किया गया।शिव शक्ति महिला समिति लचरागढ़ की अगुवाई में कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर में चार दिवसीय अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड हरी कीर्तन में परबा,रियुं ओड़ीसा,कारीमाटी,फुलवाटांगर,रामजड़ी,सियारजोर,को बांग आदि कीर्तन मंडली ने भाग लिया।सोमवार को पुर्णाहुति व नगर भ्रमण भंडारा कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

### विवेकानंद मंदिर लचरागढ़ की ओर से चलाया गया जनसंपर्क महा अभियान

कोलेबिरा। विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ द्वारा जन सम्पर्क महा अभियान के तहत रविवार को लचरागढ़ गाँव में नए सत्र में नामांकन के निमित्त घर-घर सम्पर्क किया गया।प्रत्येक घर में विद्यालय की विशेषता को बताया गया।जानकारी देते हुए बताया गया कि नए सत्र से विद्यालय में कंप्यूटर की पढ़ाई होगी साथ ही इंग्लिश स्पोकन की भी पढ़ाई होगी।गुणवता पूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार पर प्राथमिकता रहेगी।नर्सरी कक्षा से ही इंग्लिश पर विशेष फोकस किया जाएगा।सम्पर्क प्रभावी और सफल रहा।इस अभियान में प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहु के साथ सुदर्शन कुमार,अर्जुन महतो,प्रमोद पाणिग्रही,जगेश्वर सिंह,गणेश सिंह,विमल टेटे,लक्ष्मी देवी,बसंती बड़ाईक,यमुना कुमारी,दीक्षित कुमारी,प्रगति कुमारी,बिमला देवी,दशरथी कुमारी रश्मि कुमारी,निशि कुल्लु,सुनीति कुमारी,उपस्थित थी।

### सक्सेस पॉइंट कोचिंग संस्थान के छात्र का आर्मी पारा कमांडो में चयन, संस्थान में खुशी की लहर

कोलेबिरा। प्रखंड के लचरागढ स्थित सक्सेस पॉइंट कोचिंग संस्थान के छात्र गुप्तेश्वर साहू का चयन आर्मी पैरा कमांडो में हो गया है।संस्थान में लगातार अध्ययन करने के बाद उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के निदेशक कुंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा संस्थान गुमला और लचरागढ़ में लगातार छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयासरत रहता है, इसी कड़ी में अनेक छात्र-छात्राओं का चयन भारतीय सेना में पूर्व में हो चुका है। संस्थान के कुम्हारी बसिया निवासी गुप्तेश्वर साहु ने आर्मी पारा कमांडो मे चयन हुआ है।गुप्तेश्वर साहू ने सफलता का श्रेय संस्थान संस्थान के शिक्षक शिवम कुमार सहित सभी शिक्षकों को दिया है,निर्देशक कुंदन कुमार सहित शिक्षको ने बधाई देते हुए गुप्तेश्वर साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### होटल अपर्णा पैलेस में विहिप पुरोहित वर्ग की बैठक आज

सिमडेगा। सिमडेगा होटल अपर्णा पैलेस में विश्व हिंदू परिषद की तत्वावधान में पुरोहित वर्ग का बैठक का आयोजन आज दोपहर 3:00 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में सभी दुर्गा पूजा समिति,मन्दिर समिति एवं अन्य धार्मिक संगठन के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा सदस्यों तथा पुरोहित वर्ग के सभी लोगों को उपस्थित रहने की अपील की गई। बैठक में सामाजिक विषयों पर चिंतन आगामी पर्व त्यौहार को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### निधन पर उत्कलीय ब्राह्मण सेवा संघ की ओर से की गई आर्थिक मदद

जलडेगा। प्रखंड के कोनमेरला में 26 फरवरी 25 बुधवार को पुजा पाठ एवं पुरोहित कार्य कर रहे 75 वर्षीय यदुमणि सामंत पिता मदन मोहन सामंत का आकस्मिक निधन हो गया था,जिसका उत्कलिए ब्राह्मण सेवा संघ के अध्यक्ष विद्या बंधु शास्त्री, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर आचार्य, क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार पंडा द्वारा 12 वें दिन में कोनमेरला आवास पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की तथा दिवंगत आत्मा के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित करते एवं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत यदुमणि सामंत के धर्म पत्नी सत्यभामा देवी को अंतिम संस्कार एवं क्रिया कर्म हेतु सहयोग के रूप पांच हजार एक सौ रुपये सहयोग के रूप में सौंपा गया तथा कहा गया कि वे भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं, उत्कलिए ब्राह्मण सेवा संघ हमेशा परिजनों के साथ है, मौके पर समाज के पुरोहित गदाधर दास, कार्तिक द्विवेदी, रविंद्र नाथ उर्फ गोडे कर, दुर्गा दास, संतोष पंडा, सुनील नाथ कर, दामोदर दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### साहू समाज का होली मिलन समारोह 11 को

रामगढ़। साहू भवन प्रबंधन समिति के सुरेंद्र कुमार ने रविवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि शहर के साहू धर्मशाला में 11 मार्च को शाम 6:00 बजे से साहू समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के उपरांत सामूहिक भोजन की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने समारोह में समाज के लोगों से शामिल होने का आहवान किया है।

### चांडिल स्टेशन पर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**चांडिल।** होली के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ ने चौकसी बढ़ा दी है. चांडिल रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम लगातर जांच अभियान चला रही है. आरपीएफ की टीम ने शुक्रवार की शाम चांडिल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर जांच के दौरान अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपी मोहन सिंह चांडिल स्टेशन बस्ती का रहने वाला है. उसने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के बलरामपुर से शराब खरीदकर बेचने के लिए ट्रेन से ले जा रहा था. तभी चांडिल स्टेशन आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर अजीत कुमार के नेतृत्व में टीम ने उसे पकड़ लिया. बरामद शराब की कीमत 20,440 रुपए आंकी गई. मिली जानकारी के अनुसार, बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही चांडिल रेलवे स्टेशन पहुंची, आरपीएफ की टीम ने देखा कि एक व्यक्ति दो बैग में कुछ भारी सामान लेकर उक्त ट्रेन से उतर रहा है. संदेह होने पर उसे पकड़कर आरपीएफ पोस्ट ले जाया गया. दोनों बैग की जांच करने पर उसमे करीब 95 बोतल (छोटी-बड़ी मिलाकर) शराब बरामद की गई.

### महिला सशक्तिकरण से देश होगा समृद्ध : एसडीओ

**बोकारो।** कसमार प्रखंड कार्यालय के सभागार में विगत शनिवार को सहयोगिनी संस्था की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. समारोह में बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ, बोकारो जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, कसमार सीओ प्रवीण कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे. अपने संबोधन में एसडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि महिलाएं सशक्त होंगी, तभी हमारा देश भी सशक्त एवं समृद्ध होगा. इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि मुझे दो बेटियां हैं, जिससे मुझे भाग्यशाली व्यक्ति होने का अहसास होता है. जिला परिषद उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि हर महिला अनमोल है. समाज में महिलाओं को सशक्त होकर आगे बढ़ने की जरूरत है. कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने भी विचार व्यक्त किए.

24 मार्च को आंदोलनकारियों व विस्थापितों ने विस मार्च करने का किया ऐलान

# धरतीपुत्रों को उजाड़ कर विकास की अवधारणाओं को फलीभूत नहीं होने दिया जाएगा : भुनेश्वर प्रसाद




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा एवं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में हजारीबाग के नवाबगंज स्थित आकाशदीप होटल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में 24 मार्च को झारखंड के विस्थापितों के पुनर्वास नियोजन एवं मुआवजा के सवालों एवं झारखंड आंदोलनकारियों के रोजी रोजगार नियोजन, अलग पहचान, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए तथा सम्मान राशि 50-50 हजार रु.देने की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को 24 मार्च के कार्यक्रम के लिए अगुआ चुना गया। उन्होंने कहा कि धरतीपुत्रों, किसानों, दलितों, गरीबों, आदिवासियों को उजाड़ कर विकास की अवधारणाओं को फलीभूत नहीं किया जा सकता है। राज्य सरकार भूमि बैंक को रद्द करें एवं झारखंड राज्य विस्थापन आयोग का गठन करे। गैर मजूरवा जमीन के भूमि बैंक को सरकार रद्द करे । गैर मजूरवा जमीन का रशीद काटना चालू करे और अगर अधिग्रहण की जाती है तो रैयती के समान मुआवजा का भुगतान करे। 22 महीनों से गोंदलपुरा में गोंदलपुरा कोल ब्लॉक के आवंटन को रद्द करने एवं गैर मजूरवा जमीन के मुआवजा भुगतान को लेकर धरना चल रहा है लेकिन सरकार ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया है । झारखंड में विस्थापन एक गंभीर मुद्दा है । इसके लिए हम सभी मिलकर लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं बताया कि 24 मार्च को पूरे झारखंड राज्य से जितने भी विस्थापन को लेकर संगठन सक्रिय हैं वो सभी इसमें शामिल होंगे।

# विधायक व जिप सदस्य ने चहारदीवारी निर्माण कार्य का किया शिलान्यास




**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय मटियोबेड़ा की चाहरदीवारी निर्माण कार्य की शिलान्यास रविवार को विधायक जयराम महतो एवं जिप सदस्या सुनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया।44 लाख रुपए की लागत से बनने वाला चहारदीवारी निर्माण कार्य शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से विधायक ने कहा कि चहारदीवारी निर्माण हो जाने से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण अनुशासनात्मक एवं सुव्यवस्थित होगा। वहीं जिप सदस्या ने कहा कि मटियोबेड़ा के लोगों से वादा किए थे कि इस विद्यालय में चाहरदीवारी निर्माण कार्य कराऊंगी,जो आज पूरा होने जा रहा है।वहीं संवेदक को प्राक्कलन के अनुरुप काम करने को कहा गया।इस दौरान भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार वार्ड सदस्य विश्वनाथ महतो मिथलेश महतो सुनील महतो विनोद चौधरी तुलसी महतो नीलकंठ महतो वीरेश महतो टेकनी देवी ऊषा देवी रीना देवी प्रमिला देवी फूलमती देवी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### वन विभाग ने छापेमारी कर सखुआ की 3 ट्रैक्टर लकड़ी किया जब्त



**गावां, गिरिडीह।** गावां वन विभाग की टीम ने रविवार को बरमसिया जंगल में छापा मारकर 3 ट्रैक्टर सखुआ बोटा और जलवान लकड़ी जब्त किया है। जिसकी अनुमानित 1 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। उक्त कार्रवाई वनपाल राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में की गई है। जब्त लकड़ी को गावां वन प्रक्षेत्र कार्यालय में लाकर रखा गया है। वनपाल राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बरमसिया जंगल में एक स्थान पर सखुआ और जलावन की बोटा लकड़ी काटकर रखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद छापेमारी कर लकड़ी को जब्त कर लिया गया। कहा कि जब्त लकड़ी को ईंट एवं शराब भट्टा में झोंकने की योजना थी, जिसे नाकाम कर दिया गया। कहा कि इस मामले में अभियुक्तों का नाम पता लगाया जा रहा है। जिसके बाद वन अधिनियम के तहत प्राथिमिकी दर्ज की जाएगी।

### होली में अश्लील गानों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध



**गांडेय,गिरिडीह।** अहिल्यापुर थाना परिसर में रविवार को होली त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में होली का त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से मनाने की बात कही बैठक में उपस्थित अहिल्यापुर थाना प्रभारी गुलाम गौस हुस्सानी ने उपस्थित सदस्यों को सरकार के द्वारा जारी किए गाइड लाइन का पालन करते हुए होली मनाने की बात कही। थाना प्रभारी ने कहा कि होली का त्योहार सभी लोग शांति पूर्ण तरीके से मनाए। होली में अश्लील गानों पर पूर्ण पाबंदी रहेगी । कोई भी व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को मर्जी के खिलाफ रंग नहीं डाले। कोई भी ऐसा कार्य नहीं करे जिससे दुसरे धर्म के लोगों की भावना को आहत पहुंचे। अफवाह पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दे। शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। पर्व के दौरान पुलिस टीम के द्वारा लगातार क्षेत्र में गश्ती जारी रहेगी। बैठक में उपस्थित पसस मोहन हाजरा, शंकर सिंह ,सुरेंद्र लोहानी, नवीन रवानी, अलाउद्दीन अंसारी, निशार अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन ने मनाया चौथा स्थापना दिवस

# मैंने कारगिल युद्ध में अपनी अहम भूमिका निभाई : धीरेंद्र दुबे



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन का स्थापना दिवस ओपन थिएटर, नियर झील परिसर हजारीबाग में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा व संचालन महामंत्री अजीत कुमार सिंह ने किया। सर्वप्रथम संस्था के आजीवन सदस्य जो दिवंगत हो चुके हैं उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि शौर्य चक्र से सम्मानित कटकमदाग हजारीबाग के शहीद सतीश प्रसाद कुशवाहा के पिता द्वारका प्रसाद कुशवाहा एवं उनकी माता, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता, वीरनारी शान्ति कच्छप, शहीद सुभाष सौरव बारला माताजी पूनम बारला, शहीद राजेश साहू के पिता शिवनारायण साहू, शहीद सहेंद्र साहू के पिता मोहन साहू 1971 युद्ध के योद्धा कैप्टन अखौरी गोविंद सहाय, कारगिल योद्धा धीरेंद्र दुबे सहित सभी अतिथियों को माला पहनकर एवं संस्था का मुमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग प्रोग्राम देकर कार्यक्रम में जान डाला, बाद में बच्चों को गिफ्ट देकर हौसला अफजाई किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारका प्रसाद कुशवाहा इस सम्मान के लिए संस्था का आभार जताया वही विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने इस संगठन के तारीफ में कई बाते कही और हमेशा साथ खड़ा रहने का वादा किया। वहीं कारगिल योद्धा धीरेंद्र दुबे ने भावुक होते हुए कहा कि मैंने कारगिल युद्ध में अपनी अहम भूमिका निभाई और रिटायर हुए 25 साल हो गए पहली किसी संस्था द्वारा बुलाकर सम्मान दिया है। महिला विंग अध्यक्ष शोभा सिन्हा ने कहा कि संस्था को आगे बढ़ाना कितना महत्वपूर्ण है, आप सभी जानते हैं संगठन में ही शक्ति है। अंत में केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि, सभी विशिष्ट अतिथि एवं संगठन के सभी सदस्यों को कार्यक्रम में आकर कार्यक्रम सफल बनाने के लिए आभार जताया और कहा की संस्था अपने उद्देश्य के प्रति अग्रसर है और आप सभी के सहयोग से यह संगठन और भी कृतिमान हासिल करेगी।

### होली के मद्देनजर उत्पाद विभाग का छापा,दो आरोपी हिरासत में

**तिसरी।** होली के त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी के मद्देनजर रविवार की शाम तिसरी थाना क्षेत्र के तीन अलग - अलग जगहों पर उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर नकली विदेशी शराब के साथ अवैध महुआ शराब भी जब्त किया है। रविवार को उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर रवि रंजन अपनी टीम के साथ तिसरी आ धमके। जिसके बाद तिसरी पुलिस के सहयोग से गुमगी के मन्नू कुमार साव, तिसरी के कलवा नदी रोड स्थित धनेश्वर साव और देवानजोत स्थित नरेश राणा के यहां छापेमारी कर अवैध शराब जब्त किया है। उत्पाद विभाग के रवि रंजन ने बताया कि मन्नू साव के यहां से नकली विदेशी शराब जबकि धनेश्वर साव और नरेश राणा के यहां से महुआ शराब बरामद किया गया है। नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। उत्पाद विभाग की टीम मन्नू साव और धनेश्वर साव को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई।

# खाली पड़े वन भूमि पर पौधरोपण का कार्य प्रगति पर



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय,गिरिडीह**
गांडेय प्रखंड के गंजकुडा पंचायत के मरगोमुंडा गांव स्थित वन भुमि की जमीन पर विभाग के द्धारा पौधारोपण किया जाएगा। जिसको को लेकर वन विभाग के द्धारा गड्ढा खोदाई ट्रेंच कटिंग का कार्य जोर - शोर से चल रहा है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व गिरिडीह डीएफओ मनीष तिवारी और रेंजर सुरेश रंजक ने मरगोमुंडा गांव का दौरा किया था। इस क्रम में पदाधिकारियों ने खाली पड़े वन भुमि की जमीन पर वृक्षारोपण को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करके डाटा तैयार करके त्वरित खाली पड़े जमीन पर वृक्षारोपण की बात कही थी। वरीय पदाधिकारियों का निर्देश मिलने के बाद वृक्षारोपण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। वर्तमान समय में उक्त जमीन पर गड्ढा खोदना और जल संरक्षण को लेकर जल संचयन पिट का निर्माण कार्य जारी है। इस दौरान डीएफओ और रेंजर ने संयुक्त रुप से कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वनों को बचाना और खाली पड़े वन क्षेत्र भूमि पर नए वनों का विकास किया जाना है. इसी के निमित्त वृहद क्षेत्र में वन लगाने को लेकर कार्य की शुरूआत की गई है। आगामी मानसून का शुभारंभ होते ही उक्त क्षेत्र में लाखों की संख्या में पौधारोपण किया जाएगा।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता को समर्पित की दो एंबुलेंस

# जरूरतमंदों की सेवा करना हमारी पहली प्राथमिकता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते हुए अपने क्षेत्र की जनता को दो एंबुलेंस समर्पित की हैं। ये एंबुलेंस जरूरतमंद मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में सहायक होंगी और हजारीबाग क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगी। रविवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्थित संजीवनी सेवा कुटीर हेल्प डेस्क के पास आयोजित समारोह में विधायक प्रदीप प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर इन एंबुलेंस को जनता की सेवा में समर्पित किया। जिससे पूर्व पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना की गई. पूजा अर्चना भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य एवं उपस्थित महिलाओं के द्वारा किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, स्वास्थ्यकर्मी, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव,भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष साक्षीराणा सहित कई लोग उपस्थित रहे.विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा सपना है कि हजारीबाग क्षेत्र में एक अत्याधुनिक और भव्य अस्पताल का निर्माण हो, जहां आम जनता को छोटी बीमारियों से लेकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज सस्ते दरों पर उपलब्ध हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की जरूरत पड़ने पर वे संजीवनी सेवा कुटीर हेल्प डेस्क में संपर्क कर इन एंबुलेंस सेवाओं का लाभ उठाएं।

### ब्राह्मण समाज ने मनाया होली मिलन समारोह



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड अंतर्गत माल्डा पंचायत के पाण्डेयडीह गांव में रविवार को ब्राह्मण समाज का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यरुप से नारायण पांडेय उपस्थित थे। समाज के अध्यक्ष सुबोध पांडेय द्वारा मुख्यातिथि नारायण पांडेय को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। बैठक में बाद समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। नारायण पांडेय ने कहा कि यह त्योहार रिश्तों में रंग घोलने का त्योहार है। उन्होंने कहा कि समाज की ओर से ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिए। पूर्व मुखिया दिनेश पांडेय ने कहा कि होली सौहार्द का प्रतीक हैं। इसलिए सभी को होली धूमधाम से मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि होली खुशहाली का प्रतीक है। इन दिनों में खेतों में उगी फसल सुनहरी होने लगती है। इसलिए सदियों से लोग धूमधाम से होली मनाते हैं। इस दौरान समाज के लोगों ने एक दूसरे गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मौके पर त्रिभुवन पांडेय, बजरंगी पांडेय, महेंद्र पांडेय, राजमणि पांडेय समेत ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

दुलमी प्रखंड के सीरु में 'सीरु प्रीमियर लिंग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 01' का समापन

# ग्रामीण के खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं : ममता देवी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड के सीरु में आयोजित 'सीरु प्रीमियर लिंग क्रिकेट टूर्नामेंट-सीजन 01' का फाइनल मैच हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। बगरई बनाम सीरु के बीच हुए रोमांचक मुकाबले में बगरई की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 122 रन बनाई। जवाबी पारी में 10 ओवर में सिरू की टीम 62 ही रन बना पाई । इस तरह बगरई की टीम ने मैच जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट की मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी एवं उदघाटनकर्ता झामुमो जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, विशिष्ट अतिथि महताब राही और इकबाल अंसारी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। मुख्य अतिथि ममता देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास को मजबूत करता है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं को समर्थन दिया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, नरेंद्र महतो मनोज कोटवार उतम कुमार, सोनू साव, घनश्याम कुमार, विपुल कुमार, सुजीत कुमार, चिरंजीवी, खिरोधर साव, प्रमोद कुमार, विद्वान साव, बबलू महतो, विनोद महतो सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# होली महापर्व में हुडदंगियों पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
होली पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. गिरिडीह जिले के सभी थानो में इसको लेकर बैठक की जा रही है. वहीं इसी के मद्देनजर रविवार को तिसरी थाना परिसर में भी शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.। बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर पास्कल टोप्पो ने किया जबकि मुख्य रूप से थाना प्रभारी रंजय कुमार उपस्थित थे. बैठक में होली पर विशेष सतर्कता बरतने पर चचाएं की गई. होली के ही दिन पड़ने वाले जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस - प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगी. थाना प्रभारी ने बताया कि डीजे और अश्लील गाना बजाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा.साथ ही हुड़दंगियों और असमाजिक तत्वों पर विशेष नजर रहेगी. पुलिस की आम जनों से शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील है. बैठक में तिसरी के मुखिया किशोरी साव, समाजसेवी किसुन यादव,सिंघो के मुखिया मो. हासिमुद्दीन, चंदौरी के मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार दयाल, बेलवाना के मुखिया प्रतिनिधि उमर फारुक,पंचायत समिति सदस्य नगीना भुला, विनोद पांडेय, बलवीर यादव, विजय यादव, संतोष सिंह, तूफानी राय मौजूद थे।

उत्कर्मित मध्य विद्यालय में महिला दिवस मनाया गया

# महिला के प्रति आदर और सम्मान का भाव हमेशा रखना चाहिए : प्रधानाध्यापक



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर बच्चों के बीच निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवताः, अर्थात जहां नारियों का सम्मान और पूजा होती है वहां पर देवता का वास होता है । इसलिए हम सब को नारी के प्रति, लड़की के प्रति, महिला के प्रति आदर और सम्मान का भाव हमेशा रखना चाहिए। उन्होंने कहा महिला अपने बहुत से कष्टों को सहन करते हुए अपने घर का, समाज का, राज्य का और देश के विकास के लिए पूरा अपना तन मन धन लगा देती है। तभी घर और समाज का विकास होता है। इसलिए हम सभी लोगों में महिला के प्रति हमेशा सम्मान भाव होना चाहिए और उन्हें आदर देना चाहिए। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम चंचल कुमारी, द्वितीय गौतम कुमार, तृतीय तानिया कुमारी एवं अनिशा कुमारी को प्राप्त हुआ। वहीं, खेल महोत्सव का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने भाग लिया। मेंढक रेस में बालक वर्ग में राहुल कुमार प्रथम, दीपक टुडू द्वितीय और ऋतिक कुमार तृतीय स्थान में रहे। बालिका वर्ग में मेंढक रेस में खुशबू कुमारी प्रथम, रिया कुमारी द्वितीय और अलका कुमारी तृतीय रहे।

